FROM :SSP CAMP NTL          FAX NO. :05942235693          14 Nov. 2018 1:37PM P1

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद नैनीताल।

पत्रांक– आर0आई0–मु0पेशी/2018                                        दिनाँक : नवम्बर 12,2018

9578 14 NOV 2018

सेवा में,

माननीय समस्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अन्य न्यायाधीश/जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/कडकडडूमा/तीस हजारी कोर्ट दिल्ली/देहरादून/हरिद्वार/रूड़की/दिल्ली/हल्द्वानी/रामपुर/मुरादाबाद/खटीमा/रूद्रपुर/ठाकुरद्वारा/रामनगर/रानीखेत/द्वाराहाट/सहारनपुर/भिकियासैंण।

विषय– जिला कारागार नैनीताल/उप कारागार हल्द्वानी में निरूद्ध कुख्यात/ प्रशासनिक एवं विचाराधीन बन्दियों/कैदियों की नगर निकाय स्थानीय निर्वाचन–2018 के दृष्टिगत पेशी की दिनाँक : 15–11–2018 से 22–11–2018 तक अवमुक्त करने विषयक।

कृपया उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है प्रदेश में आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2018 के मतदान की दिनाँक : 18–11–2018 तथा मतगणना की तिथि 20–11–2018 नियत है। पर्यटन स्थल होने के कारण वी0वी0आई0पी0 आगमन,निरन्तर बना है इसके अतिरिक्त जनपद में विविध ड्यूटियों के अलावा समस्त पुलिस ब की ड्यूटी निर्वाचन हेतु लगाई गयी है। जिस कारण विभिन्न न्यायालयों में पुलिस बल की कमी के कारण जनपद के कारागारों में निरूद्ध कुख्यात/ प्रशासनिक एवं विचाराधीन बंदियों/कैदियों को पेश किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

अतः : अनुरोध है कि उक्त अवधि के मध्य विभिन्न माननीय न्यायालयों में पेश किये जाने वाले विचाराधीन बन्दियों/कैदियों की पेशी तिथि को अवमुक्त करने एवं दिनाँक : 22–11–2018 के पश्चात् की तिथि नियत करने की कृपा करें।

12/11

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
नैनीताल

प्रतिलिपि :

01 : पुलिस महानिरीक्षक, कारागार, उत्तराखण्ड देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
02 : पुलिस उप महानिरीक्षक, कुमायू परिक्षेत्र को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।
03 : जेल अधीक्षक जिला कारागार नैनीताल/उप कारागार हल्द्वानी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित